Enrollment No.

1	7	0	6	5						

C-101-Hindi

No. of Questions – **25**
No. of Printed Pages – **4**

Open Basic Education Examination Program – 2019

Level-C (CLASS-8)

HINDI

[Time: 2.30 Hrs.] **[Max. Marks: 100]**

परीक्षार्थियो के लिए सामान्य निर्देश:-

- परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अवश्य लिखे ।
- प्रश्न-पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है ।
- प्रत्येक प्रश्न का उत्तर केवल उत्तर पुस्तिका पर ही लिखे ।
- जिन प्रश्नो के आंतरिक खण्ड है उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखे ।
- प्रश्न संख्या 1 से 8 तक प्रश्नो के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर पुस्तिका मे लिखे ।
- प्रश्न संख्या 9 से 14 का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में दीजिए।
- प्रश्न संख्या 15 से 21 का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में दीजिए।
- प्रश्न संख्या 22 से 25 का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दीजिए।

सही उत्तर का चयन कीजिए - **(8×1=8)**

1. **'सुभागी'** पाठ में गांव के मुखिया का व्यक्तित्व था -
   (अ) अक्खड़ (ब) सज्जन (स) धनवान (द) कठोर
2. डॉ. चंद्रा ने माइक्रोबायोलोजी में पीएच.डी. की-
   (अ) 1972 में (ब) 1965 में (स) 1986 में (द) 1976 में।
3. अन्न की अधिष्ठात्री देवी कहा गया है -
   (अ) कृषि विभाग की गोष्ठी को (ब)इल्ली को
   (स) इला को (द) नष्टार्थी देवी को।

4. मीरा के आराध्य है -

(अ) राम (ब) कृष्ण (स) गणेश (द) शिव।

5. 'समर्पण' कविता के अनुसार हम ऋणी हैं-

(अ) मातृभूमि के (ब) कर्म भूमि के (स) डॉक्टर के (द) किसान के।

6. 'शक्ति और क्षमा' कविता में कौन किस को समझा रहा है-

(अ) भीष्म पितामह-युधिष्ठिर को (ब) श्री कृष्ण-युधिष्ठिर को

(स) श्री कृष्ण-अर्जुन को (द) भीष्म पितामह-अर्जुन को।

7. 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द है-

(अ) नयन (ब) रवि (स) तरु (द) नीर।

8. 'देवता' का विलोम शब्द है-

(अ) शत्रु (ब) मित्र (स) दानव (द) बंधु।

अति लघुरात्मक प्रश्न:- **(6×2=12)**

9. सुभागी घर में क्या-क्या कार्य करती थी?

10. रणथंभौर अभयारण्य में बाघों की संख्या लगातार क्यों बढ़ रही है?

11. निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए-

सीस पगा न झगा तन पै प्रभु,
जाने को आहि बसैं केहि ग्रामा।

12. 'समर्पण' कविता में देशभक्त घर-आंगन से क्षमा क्यों मांगता हैं?

13. 'नौ-दो ग्यारह होना` मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों में बहुवचन का पद छांटकर लिखिए-

बालक................. पढ़ रहे हैं (पुस्तक/ पुस्तकें)

14. 'विषहीन','क्षमाशील' की तरह 'हीन' एंव 'शील' जोड़कर दो-दो नए शब्द बनाइए।

अथवा

'महापुरुष' एंव 'उपराष्ट्रपति' की तरह 'महा' एंव 'उप' जोड़कर दो-दो नए शब्द बनाइए।

लघु उत्तरात्मक प्रश्न:- **(7×5=35)**

15. 'हमारी भी सुनो' पाठ में वर्णित जनता की शिकायतों का वर्णन कीजिए।

16. "सुभागी स्वाभिमानी और स्वावलंबी पात्र के रूप में दिखाई देती है।" सिद्ध कीजिए।

17. 'कुंडलियां' छंद में लाठी को उपयोगी बताया है। किसे? कोई पांच तर्क दीजिए।

18. “विषहीन,विनीत और सरल सॉप द्वारा प्रदत्त क्षमा निरर्थक है।” ‘शक्ति और क्षमा’ कविता के आधार पर समीक्षा कीजिए।

19. इन शब्दों का प्रयोग कर एक-एक सार्थक वाक्य बनाइए-

(अ) खुशहाली (ब) उज्जवल (स) निर्माण (द) विज्ञान (य) परोपकार।

अथवा

निम्नांकित शब्दों की सहायता से एक-एक वाक्य बनाइए-

(अ) राम (ब) दौड़ना (स) तुम (द) मिठाई (य) राजा।

20. विद्यालय परिसर को हम किस प्रकार साफ रख सकते हैं? समझाइए।

21. सड़क यातायात सुरक्षा संबंधी कोई पांच स्लोगन (नारे) बनाइए।

निबंधात्मक प्रश्न:-

22. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **(4×2=8)**

आज भी गाय हमारी अर्थव्यवस्था का आधार सिद्ध हो सकती है। गोपालन से परिवार का भरण- पोषण का अधिकाश गुजारा शोधन से प्राप्त दूध, दही, छाछ जैसे पोषक पदार्थों से हो जाता है। खेती में सहायक बैल सामान ढोने में सहायक ब न, महंगे पेट्रोलियम पदार्थों से मुक्त ग्रामीण पर्यावरण में संतुलन भी बनाते हैं । गोधन का गोबर ईंधन बचाने वह ऊर्जा उत्पादन कर आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाता है। गोपालक की दिनचर्या अनुशासन के धागे में ऐसी पिरोई जाती है कि वह स्वस्थ जीवन को व संबलन प्रदान करती है। गोमय और उससे प्राप्त मीथेन गैस का उपयोग भोजन बनाने में हो सकता है।

(अ)उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ब) गाय से प्राप्त दूध से कौन-कौनसे पदार्थ बनते हैं?

(स) सामान ढोने में कौनसा जानवर सहायक बनता है?

(द) भोजन बनाने में कौनसी गैस का उपयोग किया जाता है?

23. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- **(12)**

पायो जी मैंने राम रतन धन पायो।।
वस्तु अमोलक हो मेरे सतगुरु, किरपा करि अपनायों।
जन्म-जन्म की पूंजी पाई जग में सभी गॉवायो।।
खरचैं नांहि, कोई चोर ने लेवे दिन-दिन बढत सवायो।
सत की नाव के खेवटिया सतगुरु, भवसागर तर आयो।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर, हरख-हरख जस गायो।

अथवा

धरती जागी,आकाश जागा
वह जागा तो मेवाड़ जागा,
वह गरजा, गरजी दसों दिशा
था पवन रह गया ठगा-ठगा।
हर मन पर था उसका शासन
पत्थर-पत्थर था सिंहासन।

24. विद्यालय के खेल के मैदान में खड़े दो छात्रों की बातचीत को अपने शब्दों में संवाद रूप में लिखिए| **(12)**

अथवा

आप जयनगर निवासी राहुल हैं। अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य महोदय को अपनी बीमारी के बारे में बताते हुए तीन दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

25. निम्नांकित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए- **(13)**

(अ) गणतंत्र दिवस (ब) प्रकाश पर्व: दीपावली
(स) मेरे सपनों का भारत (द) स्वच्छ भारत अभियान।

अथवा

निम्नांकित में से किसी एक पात्र समूह को आधार बनाकर 150 शब्दों में कहानी लिखिए-

(अ) खरगोश और कछुआ (ब) शेर और खरगोश
(स) हाथी और घोड़ा (द) चिड़िया और अण्डे।